रणजीत टाइम्स

साप्ताहिक अख़बार

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

वर्ष 11 | अंक 25 | कुल पृष्ठ : 8 | मूल्य - 2 रू.

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

इंदौर प्रति मंगलवार, 3 नवम्बर 2026 से 9 नवम्बर 2026 तक

अक्षय ऊर्जा का महाकुंभ

दिल्ली में वैश्विक ऊर्जा सम्मेलन का आगाज, 130 से अधिक देशों की भागीदारी; निवेश और हरित तकनीक पर रहेगा जोर

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को भारत मंडपम में भारत रिन्यूएबल एनर्जी समिट 2026 का उद्घाटन करेंगे। चार दिवसीय इस वैश्विक सम्मेलन में 130 से अधिक देशों के प्रतिनिधि और 40 से ज्यादा मंत्री हिस्सा लेंगे। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश बढ़ाना, नई तकनीकों को प्रोत्साहन देना और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करना है। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन जैसे क्षेत्रों में भारत की बढ़ती भूमिका इस आयोजन के केंद्र में रहेगी। सम्मेलन के साथ अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन और हरित हाइड्रोजन से जुड़े कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। यह आयोजन स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में नई साझेदारियों और कारोबारी संभावनाओं का मंच बनेगा। हालांकि, भारत के लिए असली चुनौती केवल निवेश आकर्षित करना नहीं, बल्कि सस्ती बिजली, मजबूत भंडारण व्यवस्था और स्वच्छ ऊर्जा की भरोसेमंद आपूर्ति सुनिश्चित करना भी है।



गोरखपुर में 4 नवंबर को भाजपा की शक्ति प्रदर्शन वाली पदयात्रा

नितिन नवीन और योगी आदित्यनाथ होंगे शामिल

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक सरगर्मियां तेज होने लगी हैं। इसी बीच भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक सक्रियता बढ़ाने और जनता के बीच अपनी बात पहुंचाने के लिए गोरखपुर में बड़े आयोजन की तैयारी की है।

भाजपा की ओर से 4 नवंबर को 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत शांति पदयात्रा निकाली जाएगी। इस कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल होंगे। भाजपा ने इस आयोजन को व्यापक जनभागीदारी वाला बनाने के लिए गोरखपुर क्षेत्र से करीब 40 हजार कार्यकर्ताओं और आम लोगों को जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया है। पार्टी की ओर से आयोजित इस



पदयात्रा को लेकर गोरखपुर समेत आसपास के जिलों में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। भाजपा इसे लोकतंत्र, संविधान और संवैधानिक संस्थाओं के सम्मान से जुड़ा अभियान बता रही है। पार्टी नेताओं का कहना है कि इस कार्यक्रम के माध्यम से जनता के बीच लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती और संवैधानिक संस्थाओं की प्रतिष्ठा बनाए रखने का संदेश पहुंचाया जाएगा। वहीं, राजनीतिक दृष्टि से भी इस आयोजन को पूर्वांचल में भाजपा की संगठनात्मक ताकत और जनसंपर्क अभियान के तौर पर महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने रविवार को गोरखपुर के एनेक्सी भवन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान अभियान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों की ओर से संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाए जा रहे हैं। भाजपा का आरोप है कि विपक्षी दल इन संस्थाओं की छवि को नुकसान पहुंचाने और आम जनता के बीच भ्रम की स्थिति पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं। इसी के जवाब में पार्टी ने 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान शुरू किया है। इसके तहत कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति विश्वास बनाए रखने का संदेश देंगे। पंकज चौधरी ने कहा कि लोकतंत्र का महत्व केवल चुनाव जीतने या हारने तक सीमित नहीं है।

वोट चोरी के आरोपों पर भाजपा का पलटवार

'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' अभियान से विपक्ष को घेरने की तैयारी, शाह और नबीन संभालेंगे मोर्चा



विपक्ष के 'वोट चोरी' अभियान के जवाब में भाजपा आज सड़क पर उतरकर सियासी शक्ति प्रदर्शन करेगी। 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' अभियान के तहत केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह हैदराबाद में पदयात्रा करेंगे, जबकि नितिन नबीन बिहार और पश्चिम बंगाल में मार्च निकालेंगे। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर विपक्ष ने मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों और विधानसभा चुनावों के नतीजों में हेरफेर के गंभीर आरोप लगाए हैं। इन आरोपों को लेकर रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में विपक्षी गठबंधन की बड़ी रैली हुई। भाजपा इस अभियान के जरिए विपक्ष के आरोपों को चुनौती देने और अपने पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश में है। भागलपुर में सुबह 11 बजे लाजपत पार्क से पदयात्रा प्रस्तावित है, जबकि कोलकाता में दोपहर 3 बजे कॉलेज स्ट्रीट से धर्मतल्ला तक मार्च निकलेगा। अब असली परीक्षा नारों की नहीं, जनता के भरोसे की है।

रामलीला मैदान पर रिजिजू का तंज, राहुल पर निशाना

इंडिया गठबंधन ने दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को बड़ी रैली की. दावा किया गया था की इस रैली में करीब 10 लाख लोग जुटेंगे. हकीकत में आंकड़ा कुछ हज़ार तक सीमित रह गया, उसमें भी अधिकतर पार्टी के कार्यकर्ता थे. बता दें कि, करीब 19 राजनैतिक दल इस रैली में शामिल हुए थे. हालांकि, कांग्रेस ने इस रैली में लाखों लोगों के पहुंचने का दावा किया गया. जिसपर भारतीय जनता पार्टी के नेता किरेन रिजिजू ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज कस दिया. दरअसल, कांग्रेस ने इस रैली की एक फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की है. जिसमें रिजिजू ने दावा किया कि कांग्रेस ने भीड़ दिखाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल किया है। किरेन रिजिजू ने रविवार (1 नवंबर) को एक्स पर फोटो शेयर की. उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'रामलीला मैदान में भारी भीड़ दिखाने के लिए, कांग्रेस पार्टी को कम से कम AI से बनी तस्वीर तो ठीक से तैयार करनी चाहिए थी. कांग्रेस पार्टी की फर्जी नरेटिव टीम से तो रामलीला मैदान को भरा हुआ दिखाने के लिए AI से फोटो भी ठीक से नहीं बनाई गई. रामलीला मैदान में भारी भीड़ दिखाने के लिए, कांग्रेस पार्टी को कम से कम AI से बनी तस्वीर तो ठीक से तैयार करनी चाहिए थी।



एक डॉक्टर, और जिम्मेदारियों चार !!

केबिनेट मंत्री निर्मला भूरिया के विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल, झाबुआ में कई शाखाओं का प्रभार !!

उमरकोट स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जितिन भार्गव को कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपने पर उठे सवाल; भाजपा नेता विजय भाबर ने कलेक्टर से की शिकायत , पूछा - नियमानुसार है प्रभार या नियमों को ताक पर रखकर बांटी गई जिम्मेदारियां ??

सलीम हुसैन

झाबुआ। स्वास्थ्य विभाग में जिम्मेदारियों के बंटवारे को लेकर अब सवाल उठने लगे हैं। उमरकोट में मेडिकल ऑफिसर के पद पर पदस्थ डॉ. जितिन भार्गव के पास जिला स्तर की कई महत्वपूर्ण शाखाओं का प्रभार होने का मामला सामने आया है।

एक ओर उमरकोट में उनकी मूल पदस्थापना है, तो दूसरी ओर जिला चिकित्सा अधिकारी-1, जिला कुष्ठ अधिकारी और जिला स्टोर प्रभारी जैसी जिम्मेदारियां भी उनके पास होने की जानकारी सामने आई है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर एक ही अधिकारी को इतने सारे प्रभार सौंपने का आधार क्या है? क्या यह व्यवस्था नियमानुसार है? यदि हां, तो इसके लिए कौन-सा आदेश जारी किया गया है और यदि नहीं, तो जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई कब होगी? मामले को लेकर जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा के युवा नेता विजय भाबर ने कलेक्टर डॉ योगेश तुकाराम भरसट से शिकायत कर डॉ. जितिन भार्गव को एक साथ कई जिम्मेदारियां सौंपे जाने पर सवाल उठाए हैं।



उन्होंने प्रशासन से इस पूरी व्यवस्था की जांच कर यह स्पष्ट करने की मांग की है कि संबंधित अधिकारी को इतने सारे प्रभार किस आधार पर दिए गए हैं और क्या विभागीय नियमों का पालन किया गया है।

विजय भाबर ने कलेक्टर से पूछा—एक ही अधिकारी को इतने प्रभार क्यों?

जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा युवा नेता विजय भाबर ने इस मामले में कलेक्टर से शिकायत करते हुए संबंधित अधिकारी को कई महत्वपूर्ण पदों का प्रभार दिए जाने के आधार पर सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि प्रशासन को यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या एक ही अधिकारी को इतने सारे दायित्व सौंपने की व्यवस्था नियमों के अनुरूप है। यदि यह नियमानुसार है, तो संबंधित आदेश और उसके आधार की जानकारी सार्वजनिक की जानी चाहिए। वहीं, यदि नियमों के विपरीत जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, तो इसकी जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। भाबर की शिकायत ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली और अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपने की प्रक्रिया को सवालों के घेरे में ला दिया है। अब देखना होगा कि कलेक्टर इस शिकायत पर क्या कार्रवाई करते हैं और स्वास्थ्य विभाग इस मामले में क्या स्पष्टीकरण देता है।

उमरकोट में मेडिकल ऑफिसर, झाबुआ में कई शाखाओं की जिम्मेदारी - प्राप्त जानकारी के अनुसार, डॉ. जितिन भार्गव उमरकोट में मेडिकल ऑफिसर के पद पर पदस्थ हैं। इसके साथ ही उनके पास जिला चिकित्सा अधिकारी-1, डीएलओ यानी जिला कुष्ठ अधिकारी और जिला स्टोर प्रभारी जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां भी होने की जानकारी सामने आई है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर एक ही अधिकारी को इतने सारे दायित्व सौंपने का आधार क्या है? क्या यह व्यवस्था नियमानुसार है और क्या संबंधित अधिकारी इन सभी जिम्मेदारियों का प्रभावी ढंग से निर्वहन कर पा रहे हैं? विभाग को स्पष्ट करना चाहिए कि उमरकोट में उनकी नियमित उपस्थिति कैसे सुनिश्चित की जा रही है और जिला स्तर की शाखाओं के संचालन के लिए क्या व्यवस्था निर्धारित की गई है। यह केवल किसी अधिकारी को अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपने का मामला नहीं है, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन और प्रशासनिक जवाबदेही से भी जुड़ा सवाल है। विभाग को स्पष्ट करना चाहिए कि इस व्यवस्था से उमरकोट की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित तो नहीं हो रही हैं।

संलग्नीकरण निरस्त करने के निर्देशों के बीच व्यवस्था पर सवाल - स्वास्थ्य विभाग में प्रदेश स्तर पर संलग्नीकरण निरस्त करने संबंधी निर्देश जारी होने की जानकारी के बीच इस मामले की जांच और भी महत्वपूर्ण हो जाती है।

लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प, राष्ट्रहित सर्वोपरि!

वीरेंद्र चौहान रणजीत टाइम्स हरदा

पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल के नेतृत्व में आज संत रविदास जी चौक, जिला हरदा में आयोजित "लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ" कार्यक्रम में सहभागिता कर जिलेभर से पधारे हजारों नागरिकों, मातृशक्ति, युवा साथियों एवं देवतुल्य भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

हरदा - आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में हो रहे ऐतिहासिक विकास कार्यों, सुशासन, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूती का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत आज विकास, आत्मनिर्भरता और राष्ट्र गौरव के नए आयाम स्थापित



कर रहा है। हमारा संकल्प है कि राष्ट्रहित और जनहित सर्वोपरि रखते हुए लोकतंत्र की गरिमा को सदैव अक्षुण्ण बनाए रखें। वहीं, कांग्रेस नकारात्मकता की राजनीति करती है आज लोकतंत्र की दुहाई देने वाली कांग्रेस को पहले अपने आचरण में लोकतांत्रिक मर्यादाओं को अपनाना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे जी एवं श्री राहुल गांधी जी को देश की जनता के जनादेश का सम्मान करना चाहिए। केवल राजनीतिक विरोध के लिए विरोध करना लोकतंत्र की भावना नहीं है। देश की जनता अब अराजकता नहीं, बल्कि विकास, सुशासन और राष्ट्र निर्माण की राजनीति चाहती है।

इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंत्री एवं हरदा जिले के प्रभारी मंत्री आदरणीय श्री विश्वास सारंग जी, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री राजेश वर्मा जी, पूर्व जिला अध्यक्ष श्री अमर सिंह मीणा जी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री गजेंद्र शाह जी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री दर्शन सिंह गहलोत जी सहित हजारों की संख्या में मातृशक्ति, बुजुर्ग, युवा साथी, भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधिगण एवं पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

दिवाली से पहले खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर मिठाइयों के नमूने लिए, 17 किलोग्राम संदिग्ध मिठाई जब्त

सलीम हुसैन

झाबुआ। कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं प्रतिबंधित खाद्य सामग्री के विक्रय पर रोक लगाने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम द्वारा कालीदेवी स्थित दुर्गा रेस्टोरेंट एवं नवरत्न रेस्टोरेंट तथा रामा स्थित यू.के. ट्रेडर्स का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मिल्क पेड़ा, हलवा एवं येलो रोल मिठाई के नमूने जांच हेतु लिए गए। वहीं यू.के. ट्रेडर्स में निरीक्षण के दौरान लगभग 17 किलोग्राम संदिग्ध मिठाई प्रतिबंधित खाद्य सामग्री होने की



आशंका के आधार पर जब्त की गई। खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने तथा खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

सुरक्षित बचपन अभियान के तहत उत्कृष्ट विद्यालय में जागरूकता शिविर आयोजित

न्यायाधीशों ने विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट, बाल अधिकार एवं साइबर सुरक्षा की दी जानकारी

सलीम हुसैन

झाबुआ। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झाबुआ आशिता श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में 02 नवंबर को सांदीपनि उत्कृष्ट विद्यालय, झाबुआ में "सुरक्षित बचपन अभियान" के अंतर्गत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यालय के छात्र-छात्राओं को बाल अधिकारों, कानूनी संरक्षण, स्वास्थ्य, साइबर सुरक्षा एवं व्यक्तित्व विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। कार्यक्रम



में जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री दिनेश देवड़ा, द्वितीय जिला न्यायाधीश राकेश कुमार पाटीदार एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी जयदेव माणिक द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार

इंदौर प्रति मंगलवार, 3 नवम्बर 2026 से 9 नवम्बर 2026 तक

इंदौर जिले में निजी नलकूप खनन पर प्रतिबंध, कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने जारी किए आदेश

रणजीत टाइम्स

इंदौर जिले में औसत से काफी कम वर्षा होने और भू-जल स्रोतों के अत्यधिक दोहन के कारण पेयजल स्रोतों एवं नलकूपों का जल स्तर तेजी से गिर रहा है। आगामी समय में संभावित पेयजल संकट को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री शिवम वर्मा ने इंदौर जिले के संपूर्ण शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है। साथ ही, मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम, 1986 एवं संशोधन अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के तहत जिले में अशासकीय एवं निजी नलकूप खनन पर आज से आगामी आदेश तक प्रतिबंध लगाया गया है। कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (जल प्रदाय), नगर पालिक निगम इंदौर एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (ग्रामीण), जिला इंदौर द्वारा गिरते भू-जल स्तर और संभावित पेयजल संकट को देखते हुए निजी नलकूप खनन पर प्रतिबंध लगाने की अनुशंसा की गई थी आदेश के अनुसार जिले में प्रतिबंधित स्थानों पर अवैध रूप से प्रवेश करने वाली अथवा नलकूप खनन एवं बोरिंग का प्रयास करने वाले एवं मशीनों को जप्त किया जाएगा। संबंधित राजस्व, पुलिस एवं नगर निगम अधिकारियों को मशीनें जप्त करने और संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई कराने का अधिकार दिया गया है।

इंदौर में ब्राउन शुगर सप्लाई करने वाला आरोपी गिरफ्तार

15.49 ग्राम मादक पदार्थ जब्त

खुशबू श्रीवास्तव

चंदन नगर पुलिस की कार्रवाई, बैकवर्ड ट्रेसिंग के जरिए कुछ ही घंटों में सप्लायर तक पहुंची पुलिस

इंदौर। शहर में मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे एंटी नारकोटिक्स अभियान के तहत चंदन नगर पुलिस ने ब्राउन शुगर तस्करी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 15.49 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1 लाख 50 हजार रुपये बताई गई है।पुलिस के मुताबिक, 29 अक्टूबर को स्कीम नंबर 71 स्थित पानी की टंकी के पास चेकिंग के दौरान तौकीर पिता अब्दुल कादिर को पकड़ा गया था। तलाशी लेने पर उसके पास सिगरेट की डिब्बी में छिपाकर रखी गई 15.49 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। इसके बाद पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत अपराध दर्ज



कर जांच शुरू की मामले में ब्राउन शुगर के स्रोत का पता लगाने के लिए पुलिस ने बैकवर्ड ट्रेसिंग शुरू की। जांच के दौरान कुछ ही घंटों में पुलिस ने कथित सप्लायर जावेद उर्फ जव्वा (27) निवासी चंदन नगर को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, जावेद के खिलाफ पहले से पांच आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें एक मामला एनडीपीएस एक्ट का भी शामिल है। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर मादक पदार्थ की सप्लाई चेन और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है।

लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ अभियान

इंदौर। लोकतंत्र बचाओ - अराजकता हटाओ अभियान के अंतर्गत भाजपा द्वारा 30 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से सुभाष नगर चौराहे से पाटनीपूरा चौराहे तक लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ पदयात्रा निकाली जाएगी।

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला, महेंद्र हार्डिया, मधु वर्मा, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी आलोक दुबे, एमआईसी सदस्य राजेंद्र राठौर, चंदुराव शिंदे, सुधीर कोल्हे, महेश कुकरेजा, कैलाश पीपले सहित अन्य नेताओं ने आज दोपहर पदयात्रा मार्ग का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। सभी नेताओं, जनप्रतिनिधियों ने पदयात्रा मार्ग का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को निर्देश भी जारी किए। पदयात्रा का समापन पाटनीपूरा चौराहे पर सभा के साथ होगा। पदयात्रा में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, मध्य-प्रदेश भाजपा के प्रदेश प्रभारी विप्लव देव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल सहित कई बड़े नेता मंत्री और संगठन पदाधिकारी भी पदयात्रा में शामिल होंगे। पदयात्रा के माध्यम से एसआईआर प्रक्रिया की सत्यता के साथ ही विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे नरेटिव से भी अवगत कराया जाएगा। निरीक्षण में मीडिया प्रभारी वरुण पाल, विवेक सिन्हा, सह मीडिया प्रभारी रितेश शर्मा, नितिन शर्मा, नागेश पंवार, पवन पंवार सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, लेकिन विपक्ष के नेता, इंडी गठबंधन के सभी घटक दल अराजकता फैलाकर देश के लोकतंत्र को कमजोर करना चाहते हैं। देश की जनता जागरूक है, विपक्ष की इन हरकतों का मुँहतोड़ जवाब देगी।

जगन्नाथ का रथ तभी आगे बढ़ेगा

जब सबका हाथ लगेगा

आरएसएस के चरैवेति एकत्रीकरण में अतुल लिमये का संदेश, समाज की सहभागिता पर दिया जोर

राजेश धाकड़

इंदौर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के समापन कार्यक्रमों के अंतर्गत इंदौर विभाग का चरैवेति एकत्रीकरण आयोजित हुआ।

इसमें पांच जिलों के स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए संघ के सह सरकार्यवाह अतुल लिमये ने कहा कि देश और समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए सभी को साथ लेकर चलना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जगन्नाथ का रथ तभी आगे बढ़ेगा, जब सबका हाथ लगेगा। लिमये ने संघ की 100 वर्षों की यात्रा को स्वयंसेवकों के अथक परिश्रम का परिणाम बताते हुए व्यक्ति निर्माण, सेवा, सामाजिक समरसता और राष्ट्रभाव को मजबूत करने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा

कि समाज की समस्याओं के समाधान के लिए शासन और समाज, दोनों की सहभागिता जरूरी है।

ग्राम चौरल में सरपंच अशोक सैनी के द्वारा शरद पूर्णिमा पर गरबा प्रतियोगी बालिकाओं को सम्मान स्वरूप पुरस्कार वितरण किया

महू-इंदौर- महू ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जुगनू जादवसिंह धनावत ने बताया नवरात्रि में ग्राम पंचायत चौरल में गरबा महोत्सव मनाया जाता है जिसके तहत पिछले 39 वर्षों से शरद पूर्णिमा पर प्रतियोगी बालिकाओं को सम्मान स्वरूप पुरस्कार वितरण किया जाता है।

इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में अशोक सैनी द्वारा 21 किलो का घंटा वितरित किया गया मुख्य रूप से कार्यक्रम में पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष सदाशिव यादव, सरपंच अशोक सैनी, महू ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जुगनू जादवसिंह धनावत, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि भूरू भाई, मंडलम अध्यक्ष राजेश पाटीदार, शैलेश जाट,धर्मेंद्र डाकसे, घासीराम औसारी, देवीराम, मेवालाल,



शिवराम, जादूराम, सुभाष सिंह, जयमल, बाबू वसुनिया, अर्जुन कैलवा, दीपक सैनी, हेमंत शर्मा, बबलू ठाकुर, काव्यांश सैनी, अश्विन चौहान, अमन सगर, हेमराज सैनी, संजू सैनी, सीताराम कौशल, शानू सैनी, मुकेश बुंदेला, संजय सैनी, अंकित सैनी, बंटी खनूजा, सुनील गुर्जर, वेदांत, सावन मीणा, नकुल सैनी इत्यादि मौजूद रहे और अतिथियों द्वारा प्यारे बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया। राशी सैनी ने अपने शब्दों से बच्चों का प्रोत्साहन बढ़ाया।

कार्यक्रम पश्चात खीर का वितरण किया गया मंदिर प्रांगण में भारी संख्या में धर्म प्रेमी जनता और माता बहने उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सावन मीणा ने किया और आभार आयोजक सरपंच अशोक सैनी ने माना।

अपूर्णता के भाव की समाप्ति ही ईश्वर का सामीप्य है



ईश्वर प्रदत्त इस प्रकृति व मानव मात्र के जीवन को सुंदर बनाना ईश्वर का ही कार्य है, क्योंकि जिस चीज को ईश्वर ने ही निर्मित किया है उसमें बदलाव लाना हमारे हाथ में नहीं। फिर यह कैसे और क्यों कहा जाता है कि जीवन को सुंदर बनाना हमारे हाथ में है। यह तो पहले से ही सुंदर है क्योंकि ईश्वर अपनी हर रचना को जैसी जरुरत है वैसी ही सुंदरता से निर्मित करता है।

हम मानव की दृष्टि उस सुंदरता को देख नहीं पा रही है क्योंकि हम ऊपरी सुंदरता देखते हैं आंखों से

आंतरिक सौंदर्य जो आत्मिक सौंदर्य है उसे देखने के लिए गहन ध्यान से आत्मा को जागृत करना होगा, तभी हम सृष्टि की कृतियों का आनंद ले सकते हैं। हम सृष्टि के निर्माता को जिस भी नाम से पुकारें, भगवान कहें, अल्लाह कहें, गॉड कहें, प्रकृति कहें या अन्य किसी नाम से जाने, उसने सृष्टि को इसी तरह से बनाया है कि उसमें कोई भी कमी है ही नहीं। वह अपने आप में परिपूर्ण है। अपने आप में सुंदर है।

21 दिसम्बर 1986 के एक प्रवचन में श्री माताजी कहती हैं

'परमात्मा ने इतनी सुन्दर सृष्टि की रचना किसलिए की है?, यह एक प्रश्न हजारों वर्षों से पूछा गया है। इसका कारण समझना अत्यंत सरल है। जिस सुन्दरता की रचना की जाती है, वह सुन्दरता स्वयं अपने आप को नहीं देख सकती। ठीक इसी तरह, परमात्मा, जो कि स्वयं सुंदरता का स्त्रोत हैं, वह परमात्मा अपनी स्वंय की सुंदरता को नहीं देख सकते, जैसे एक मोती अपनी सुंदरता देखने के लिए अपने अंदर प्रवेश नहीं कर सकता, जैसे आकाश अपनी स्वंय की सुंदरता को नहीं समझ सकता। सितारे अपनी सुंदरता को नहीं देख सकते। सूर्य अपनी चमक को नहीं निहार सकता। इसी तरह से, सर्वशक्तिमान परमात्मा भी अपने स्वंय के अस्तित्व को नहीं देख सकते। उस परमात्मा को एक दर्पण की जरूरत होती है। और यही कारण है कि उस परमात्मा ने इस सुन्दर सृजन की रचना अपने लिए एक दर्पण के रूप में की है।'' यानि जैसे हम स्वंय में सौंदर्य तलाशते हैं वैसे ही ईश्वर भी हममें स्वयं के सौंदर्य को तलाशते हैं। इसीलिए हमारी सभी आवश्यकताओं को प्रकृति पूरा करती है। जितनी भी असंगति या बुराई हम देखते हैं या उत्पन्न होती रहती हैं, वे सभी हमारे ही द्वारा बनाई गई हैं ।

सहजयोग ध्यान से हृदयचक्र पर श्रीराम की उपस्थिति का साक्षात अनुभव संभव

श्री राम एक आदर्श पुरुष का प्रतिनिधित्व करते हैं। बचपन से ही हमें श्री राम जी के जीवन की कहानियां सुनाई जाती हैं, रामायण दिखाई जाती है। श्री राम जी ने अपने जीवन में उन सभी गुणों का महत्व समझाया है जो एक मनुष्य को आदर्श जीवन जीने के लिए आवश्यक है।

वह एक आदर्श राजा हैं जिन्होंने हम व्यक्तियों में केवल प्रेम की धारा बहाई है। उन्होंने जाति - पांति के भेदभाव को फटकारा है और प्रेम को सबसे ऊपर रखा है। एक भीलनी के जूठे बेर खाए, एक निषाद को मित्र बनाया और केवट को पार कर दिया क्योंकि इन सभी के अंदर केवल अनन्य भक्ति थी।परमपिता परमात्मा कभी किसी में भेदभाव नहीं करते। आप ही सोचिए कि क्या एक पिता अपने बच्चों को लड़ते देख खुश हो सकता है। श्री राम जी सभी के अंदर हैं और उनके गुणों पर चलने से ही विश्व का कल्याण हो सकता है। श्रीराम जी का हृदय में स्थापित होना बहुत आवश्यक है, और यह सहजयोग के माध्यम से सहज ही संभव है। श्री राम जी का स्थान हमारे हृदय चक्र के दाएं भाग में होता है, उनके गुण जागृत होने के बाद मनुष्य करुणा,संकोच,सकारात्मकता, व प्रेम से भर जाता है, वह अपने आप दिव्य गुणों से आशीर्वादित हो जाता है। वह सभी में परमात्मा के प्रतिबिंब को देखता है और उसके अंदर स्थित आत्मा का आदर करता है। सदियों से लोग बाह्य का पूजा-पाठ करते आए हैं, पर उससे कुछ भी हासिल नहीं हुआ, क्योंकि संतुष्टि तो हृदय में विराजित श्रीराम ही देंगे। यदि मनुष्य ही प्रेम की सुंदर मूरत हो जाएगा तो यह धर्म के झगड़े, भेद-भाव, एक दूसरे को नीचा दिखाना, अपना प्रभुत्व जमाना यह सब बीमारी नष्ट हो जाएगी।

श्रीराम जी के सपनों का राज्य हम तभी स्थापित कर पाएंगे जब हमारे हृदय में श्रीराम आएंगे। श्री माताजी निर्मला देवी द्वारा, संस्थापित सहजयोग, द्वारा श्रीराम जी के गुणों को जागृत करना सहज है, क्योंकि परमात्मा के कार्य सहज में ही होते हैं।

श्री आदिशंकराचार्य वर्णित आत्मैक्य बोध ही सहजयोग

वदन्तु शास्त्राणि यजन्तु देवान्
कुर्वन्तु कर्माणि भजन्तु देवताः।
आत्मैक्यबोधेन बिना विमुक्तिः
न सिध्यति ब्रह्मशतान्तरेऽपि ॥

श्री आदिशंकराचार्य

प. पूज्य श्रीमाताजी प्रणित सहजयोग आत्मबोध या आत्मतत्व की बात करता है। जब हम आत्म तत्व की बात करते हैं तो हमें लगेगा कि ये बड़ा जटिल विषय है।

आत्मा-परमात्मा, ये बातें हमें रोजमर्रा के जीवन में उपयोग में आनेवाली नहीं लगती। परंतु जीवन में हम सभी कुछ न कुछ खोज रहे हैं, और हमारी ये खोज तभी पूर्ण होगी जब हम हमारे आत्मतत्व को जान जाएंगे। सहजयोग में जब साधक को आत्मसाक्षात्कार प्राप्त होता है तब उसे यह अनुभूति उसके हृदय में और उसके सूक्ष्म शरीर पर होती है। परंतु आज के विज्ञान के युग में हम भ्रमित हैं तथा माया और भ्रम का प्रभाव इतना अधिक है कि कई बार मानव सत्य को समझ नहीं पाता।

बाहर का आडंबर, कर्मकांड, छद्म, कट्टरता, अंधविश्वास को ही धर्म या योग समझ लेता है। इसलिये श्री आदिशंकराचार्य ने अपने शिष्यों को ग्रंथ 'विवेकचूडामणि' में वैज्ञानिक दृष्टीकोण से सत्य अनुभव करने को कहा। उपरोक्त वर्णित श्लोक में वे कहते हैं, भले ही कोई शास्त्रों का ज्ञान प्राप्त करे, सभी देवताओं का पूजन करे।

अष्ट लक्ष्मी का आशीर्वाद प्राप्त करें

सहज योग ध्यान से

परमपूज्य श्री माताजी प्रणित सहज योग महालक्ष्मी पथ है ,जो हमें श्री महालक्ष्मी जी के उत्थान मार्ग पर अग्रसर करता है सहज योग में दिवाली मनाना यानि अपना अंतस्थित दीप प्रकाशित करना सहज योग में आत्मसाक्षात्कार प्राप्ति के बाद हमें तत्क्षण निर्विचार समाधि प्राप्त होती है | सुषुम्ना पथ ही महालक्ष्मी पथ है और यही श्री महालक्ष्मी का अंतर पूजन है | इस प्रकार जब हम श्री महालक्ष्मी की पूजा करते हैं तो वे हमें चहुं ओर से आशीर्वादित कर, आनंद प्रदान करती हैं |

लक्ष्मी का अर्थ केवल पैसा नहीं है | परमपूज्य श्री माताजी कहते हैं, जब हम लक्ष्मी के स्वरूप को नहीं जान पाते तो हम गलत रास्ते पर जाते हैं | दिवाली का दिन बहुत शुभ माना जाता है | आपको सिर्फ लक्ष्मी जी को अपने हृदय में , अपने चित्त में , अपने मन मंदिर और मस्तिष्क में बिठाना है | उनके श्री चरण कमलों को अपने हृदय में स्थापित कर, आनंददायी चैतन्य लहरियों का अमृत रसपान करना है | जो हमें हमारे सहस्त्रदल कमल से प्राप्त होता है और संपूर्ण शरीर में फैलकर हमें आत्मानंद, निरानंद और अखंड आनंद प्रदान करता है | ये सौंदर्य लहरियां हमें जब प्राप्त होंगी, तो हम उस श्री महालक्ष्मी का हृदय से,भक्तिभाव से गुणगान करेंगे | आत्मसाक्षात्कार प्राप्ति के बाद हर दिन नियमित का ध्यान करेंगे, तो वे सारी अष्टलक्ष्मी हमें आशीर्वादित करेंगी |

प्रथम - आद्य लक्ष्म

, जो समुद्र से अर्थात जलसे उत्पन्न हुई हैं और जो हमें आत्मसाक्षात्कार से अलंकृत करती हैं |

द्वितीय विद्यालक्ष्मी

हमें आत्मसाक्षात्कार को कैसे संभालना है ये सिखाती हैं | विद्यालक्ष्मी हमें परमेश्वर के इस ज्ञान का सम्मानपूर्वक उपयोग करने का आशीर्वाद प्रदान करती हैं

तृतीय सौभाग्य लक्ष्मी

ये हमें आत्मज्ञान का सौभाग्य प्रदान करती हैं | सौभाग्य का अर्थ केवल पैसा नहीं, अपितु श्री महालक्ष्मी जी का आशीर्वाद है |

चतुर्थ अमृत लक्ष्मी

ये हमें चैतन्य का अमृत रसपान कराती हैं |आत्मसाक्षात्कार के बाद प्रतिदिन के ध्यान में साधक के सहस्रार चक्र से अमृत रस का झरना बहता रहता है ,जो उसे निरोगी काया और दिव्य शिव सानिध्य प्रदान करता है |

पंचम गृहलक्ष्मी

हमारे घर मे सुख , शांति ,समाधान, घर के प्रत्येक सदस्य के अंतकरण मे स्थिरता और शांतता का आशीर्वाद प्रदान करती है |

षष्ठ राजलक्ष्मी

हमें राजपद प्रदान करती हैं, आत्मसाक्षात्कारी व्यक्ति गरिमामय पद्धति से जीवन यापन करता है | उसकी तबियत एक राजा जैसी बन जाती है|

सप्तम सत्य लक्ष्म

- इनके आशीर्वाद से साधक की चेतना में सत्य प्रस्थापित होता है |

अष्टम् योग लक्ष्मी

ये हमें योग प्रदान करती हैं । इसी योग लक्ष्मी के कारण हम सभी का परमशक्ति से योग होता है तथा इस का विस्तार हम अन्यान्य लोगों तक कर पाते हैं |

ये सारे लक्ष्मी तत्व हमारे हृदय मे विद्यमान हैं परंतु इसकी अभिव्यक्ति हमारे मस्तिष्क से होनी चाहिये | सहज योग हमे एक विशेष व्यक्तित्व प्रदान करता है।अष्टलक्ष्मी के आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए आज ही सहजयोग ध्यान का अनुभव प्राप्त करें।

फूल-मालाओं, केक कटिंग और भावपूर्ण कविताओं के बीच मनाया गया

प्रधान संपादक गोपाल गावंडे का जन्मदिन

रणजीत टाइम्स के मध्यप्रदेश मुख्य कार्यालय में भव्य आयोजन, पत्रकारों, समाजसेवियों एवं गणमान्यजनों ने किया आत्मीय स्वागत

दैनिक रणजीत टाइम्स

इंदौर। दैनिक रणजीत टाइम्स के मध्यप्रदेश मुख्य कार्यालय में प्रधान संपादक, भारतीय पत्रकार संघ (BPS) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं माँ करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष (सनातन प्रकोष्ठ) *श्री गोपाल गावंडे जी* का जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह और आत्मीयता के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर रणजीत टाइम्स एवं राजनीति 24 न्यूज़ परिवार के सदस्यों, पत्रकारों, समाजसेवियों एवं व्यावसायिक क्षेत्र से जुड़े गणमान्यजनों ने गोपाल गावंडे जी का फूल-मालाओं, पुष्पगुच्छ एवं पुष्पवर्षा के साथ भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। तालियों की गड़गड़ाहट और जन्मदिन की शुभकामनाओं के बीच केक काटकर खुशियां मनाई गईं।

किसी ने कविता सुनाई, किसी ने दिल की बात कही

समारोह के दौरान कई भावुक और यादगार पल देखने को मिले। कुछ साथियों ने गोपाल गावंडे जी के व्यक्तित्व, नेतृत्व और उनके प्रति अपने स्नेह को सुंदर कविताओं के माध्यम से व्यक्त किया, तो कुछ ने अपने दिल की बातें साझा कीं। कई साथियों ने आकर्षक उपहार भेंट कर जन्मदिन को और भी विशेष बना दिया। पूरे आयोजन में एक परिवार जैसा वातावरण रहा, जहां हर चेहरे पर खुशी और अपनत्व झलक रहा था।





इन गणमान्यजनों एवं साथियों की रही विशेष उपस्थिति

इस अवसर पर दैनिक रणजीत टाइम्स की कार्यकारी संपादक श्रीमती रेनू केत्वास, सह संपादक श्री आदित्य शर्मा, एडवोकेट श्री नरेंद्र यादव, वरिष्ठ पत्रकार श्री राजेश धाकड़, श्री दीपक वाडेकर, श्री नितिन बामदले, श्री शैलेश शर्मा, श्री दीपक होलकर, समाजसेवी श्री गिरीश महाजन, आदरणीय श्री विपिन जैन साहब, श्री ओंकार यादव, श्री नितिन सर्वे जी, ब्रांच मैनेजर प्रिया मैडम, सेल्स डायरेक्टर श्रीमती पूजा शर्मा, अनंत इन्फ्रा से जुड़े श्री विजय डेरिया जी, श्री आशीष जैन जी, श्री हीरा खटवानी, सुश्री दिव्या दीवान एवं रणजीत टाइम्स से विशेष रूप से श्री अक्षत शाक्यवार जी सहित पत्रकारिता, सामाजिक एवं व्यावसायिक क्षेत्र के अनेक गणमान्यजन तथा रणजीत टाइम्स परिवार के अन्य साथी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी ने गोपाल गावंडे जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु जीवन, सुख-समृद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं कीं।





साथियों का प्रेम और विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी पूंजी-गोपाल गावंडे

इस अवसर पर मिले अपार स्नेह और सम्मान से अभिभूत श्री गोपाल गावंडे जी ने सभी साथियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा श्री माताजी निर्मला देवी जी के आशीर्वाद से प्राप्त यह जीवन मेरे लिए अनमोल है। आज मेरे सभी साथियों ने जिस प्रेम, आत्मीयता और सम्मान के साथ मेरा जन्मदिन मनाया, वह मेरे जीवन की अविस्मरणीय स्मृतियों में हमेशा बना रहेगा। मेरे लिए रणजीत टाइम्स केवल एक समाचार संस्थान नहीं, बल्कि मेरा अपना परिवार है।- उन्होंने कहा कि जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि लोगों का विश्वास, प्रेम और सम्मान अर्जित करना है। यही स्नेह उन्हें पत्रकारिता, समाजसेवा और जनहित के कार्यों में निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। समारोह के अंत में सभी साथियों ने एक साथ खुशियां साझा कीं। फूलों की खुशबू, केक की मिठास, कविताओं की भावनाओं और साथियों के आत्मीय स्नेह ने इस जन्मदिन समारोह को यादगार बना दिया।





खाद विक्रय दुकानों पर रेट सूची, स्टॉक एवं विक्रय पंजी की जांच अनिवार्य

लोकेशन विदिशा



धर्मेन्द्र गुप्ता। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने एसडीएम एवं तहसीलदारों को दिए निर्देश, खाद विक्रय व्यवस्था पर सतत निगरानी रखने के निर्देश विदिशा। कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने जिले में उर्वरक विक्रय व्यवस्था को पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाए रखने तथा किसानों को निर्धारित दरों पर खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जिले की सभी शासकीय एवं निजी खाद विक्रय दुकानों की नियमित निगरानी और जांच करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री गुप्ता ने आज लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में संचालित सभी शासकीय एवं निजी खाद विक्रय दुकानों की अद्यतन सूची स्थानीय तहसीलदारों को उपलब्ध कराई जाए, ताकि प्रत्येक दुकान की नियमित जांच एवं निगरानी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों (राजस्व) को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने अनुविभाग क्षेत्र में खाद विक्रय कार्यों पर सतत नजर रखें तथा उर्वरक वितरण व्यवस्था की नियमित समीक्षा करें। खाद विक्रय से संबंधित किसी भी प्रकार की अनियमितता सामने आने पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्र की प्रत्येक खाद विक्रय दुकान का निरीक्षण कर निर्धारित दरों की सूची, उपलब्ध खाद के स्टॉक तथा खाद विक्रय पंजी की अनिवार्य रूप से जांच करें। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि दुकानों पर निर्धारित दर सूची प्रदर्शित हो तथा स्टॉक एवं विक्रय पंजी में दर्ज जानकारी का वास्तविक उपलब्धता और विक्रय से मिलान किया जाए। इसके अतिरिक्त खाद विक्रेताओं द्वारा दुकान संचालन के लिए आवश्यकतानुसार विद्युत का कमर्शियल कनेक्शन लिया गया है अथवा नहीं तथा डायवर्शन राशि नियमानुसार जमा की जा रही है या नहीं, इसकी भी जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर श्री गुप्ता ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित बिंदुओं के अनुसार जांच पूरी कर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। उन्होंने खाद विक्रय व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने, निर्धारित दरों पर उर्वरक उपलब्ध कराने तथा किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए नियमित निगरानी और प्रभावी कार्रवाई पर जोर दिया।

झोराघाट पिकनिक स्पॉट में सुविधा बढ़ाने पर कोई जोर नहीं

जो बुनियादी सुविधाएं हैं, वह भी बदत्तर स्थिति में

कोरबा/कटघोरा। कटघोरा वनमंडल अंतर्गत ग्राम पंचायत झोराघाट को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का दावा किया जाता रहा है, लेकिन यह अभी तक प्राकृतिक सौंदर्य के कारण पिकनिक स्पॉट के रूप में ही जिले में विख्यात है।

इस खुबसूरत स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए न तो विभाग ध्यान दे रहा है, न ही यहां के जनप्रतिनिधि। जो सुविधाएं मुहैय्या कराई गई हैं, वह भी बदहाल स्थिति में है।

सुलभ काम्पलेक्स जर्जर

झोराघाट में खासकर महिलाओं के लिए सुलभ काम्पलेक्स बनाया गया है, वह रख-रखाव के अभाव में जर्जर हो चुका है, जो उपयोग लायक ही नहीं बचा। पिकनिक मनाने जाने वाले खासकर महिलाओं को इसके कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पीने के लिए पानी का एकमात्र साधन बोरवेल, वह भी खराब पिकनिक मनाने झोराघाट पहुंच रहे लोगों के लिए यहां पेयजल के लिए कोई व्यवस्था नहीं है, एक बोरवेल स्थापित किया गया है, वह भी खराब



हो चुका है, यहां तक उसका हैण्डल भी गायब है।

झोराघाट में बढ़ाई जाए सुविधा

छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ की कोरबा जिला अध्यक्ष विपेन्द्र कुमार साहू ने झोराघाट पिकनिक स्पॉट की दुर्दशा पर कहा कि झोराघाट एक प्राकृतिक सौंदर्य का बहुत बड़ा केन्द्र है और कोरबा में करोड़ों रूपए की राशि डीएमएफ में आती है।

झोराघाट को पिकनिक स्पॉट के रूप में पूरा जिला जानता है, लेकिन सुविधा न होने के कारण लोग यहां आने से कतराते हैं। पिकनिक स्पॉट झोराघाट को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की आवश्यकता है और यहां का विकास होगा तो जिला ही नहीं पूरे प्रदेश से लोग आएंगे और सैलानियों की संख्या बढ़ने से यहां रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। श्री साहू ने यहां तत्काल बुनियादी सुविधाएं बहाल करने की कोरबा जिला कलेक्टर को सोफा ज्ञापन।

जिले में वर्ष 2026 के दौरान 5,217 परिवारों को जारी की गई नवीन पात्रता पर्चियां

धर्मेन्द्र गुप्ता

जरूरतमंद परिवारों को खाद्यान्न पात्रता का लाभ दिलाने के लिए स्थानीय निकायवार जारी की गईं पर्चियां, नवंबर माह में सर्वाधिक 856 परिवार लाभान्वित

विदिशा। जिले में पात्र परिवारों को शासन की खाद्यान्न संबंधी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नवीन पात्रता पर्चियां जारी करने की प्रक्रिया निरंतर जारी है। वर्ष 2026 में जनवरी से नवंबर माह तक जिले के विभिन्न जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायों में कुल 5,217 परिवारों को नवीन पात्रता पर्चियां जारी की गई हैं। इसके माध्यम से पात्र परिवारों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्न सुविधा का लाभ प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध कराया गया है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार नवंबर माह में सर्वाधिक 856 परिवारों को नवीन पात्रता पर्चियां जारी की गई हैं। इसके अलावा जनवरी माह में 789, फरवरी में 654, मार्च में 711, मई में 679, जुलाई में 647, अगस्त में 406 तथा सितंबर माह में 475 परिवारों को नवीन पात्रता पर्चियां जारी की गईं।

यह आंकड़े

जिले में पात्र परिवारों को योजना से जोड़ने के लिए संचालित प्रक्रिया को दर्शाते हैं। जनपद पंचायतों में 4,108 परिवारों को मिली पात्रता पर्चियां ग्रामीण क्षेत्रों में जनपद पंचायतों के माध्यम से कुल 4,108 परिवारों को नवीन पात्रता पर्चियां जारी की गई हैं।

इनमें जनपद पंचायत बासौदा में सर्वाधिक 1,085 परिवारों को पर्चियां जारी की गईं। इसी प्रकार जनपद पंचायत सिरोंज में 711, नटेरन में 671, लटेरी में 440, ग्यारसपुर में 424, विदिशा में 394 तथा कुरवाई में 383 परिवारों को नवीन पात्रता पर्चियां जारी की गई हैं। नगरीय निकायों में 1,109 परिवार लाभान्वित नगरीय क्षेत्रों में भी पात्र परिवारों को नवीन पात्रता पर्चियां जारी करने की प्रक्रिया के तहत कुल 1,109 परिवारों को लाभान्वित किया गया है।

इनमें नगर पालिका विदिशा में 446, नगर पालिका गंजबासौदा में 291 तथा नगर पालिका सिरोंज में 175 परिवारों को नवीन पात्रता पर्चियां जारी की गई हैं। वहीं नगर परिषद लटेरी में 89, शमशाबाद में 60 तथा कुरवाई में 48 परिवारों को पात्रता पर्चियां प्रदान की गई हैं।

जिले में ग्रामीण

एवं नगरीय क्षेत्रों में पात्र परिवारों को नवीन पात्रता पर्चियां जारी किए जाने से खाद्यान्न योजनाओं की पहुंच जरूरतमंद परिवारों तक सुनिश्चित करने में मदद मिल रही है। पात्रता पर्चियों के माध्यम से हितग्राही परिवार शासन की सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत निर्धारित खाद्यान्न सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

मौसम की एक करवट ने बढ़ाई किसानों की धड़कनें ! छुरा विकासखंड में खेतों में बिछी धान की फसल, मेहनत पर मंडराया संकट

तेज हवाओं और बारिश से कटाई के करीब पहुंची फसल प्रभावित, उपज बचाने की जद्दोजहद में जुटे किसान, सर्वेक्षण और राहत की उम्मीद



छुरा। जिस धान की सुनहरी बालियों को देखकर किसान अच्छी पैदावार और घर में खुशहाली के सपने संजो रहे थे, उसी फसल पर मौसम की बेरुखी भारी पड़ती नजर आ रही है। छुरा विकासखंड क्षेत्र में तेज हवाओं और बारिश के बाद पककर तैयार हो रही धान की फसल खेतों में बिछ गई है। सामने आई तस्वीरों में जमीन पर गिरी फसल और खेतों में जमा पानी किसानों की बढ़ती मुश्किलों को बयां कर रहे हैं। कटाई के करीब पहुंच चुकी फसल पर मौसम की मार ने अन्नदाताओं की चिंता बढ़ा दी है। चक्रवाती तूफान 'अर्नब' के प्रभाव से मौसम में आए बदलाव के बीच किसानों के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती महीनों की मेहनत से तैयार उपज को सुरक्षित घर पहुंचाने की है। खेतों में गिरी धान की कटाई और समेटने में अतिरिक्त समय एवं मजदूरी लग सकती है। वहीं लगातार नमी रहने से दाने झड़ने, गुणवत्ता प्रभावित होने और फसल खराब होने का खतरा भी बढ़ सकता है। खेती की तैयारी से लेकर बीज, खाद, दवाइयों, सिंचाई और मजदूरी तक पूंजी लगाने वाले किसानों को अब संभावित आर्थिक नुकसान की चिंता सता रही है। उनके परिवारों की सालभर की जरूरतें भी काफी हद तक धान की पैदावार से जुड़ी रहती हैं। छुरा विकासखंड में कितने गांव और कितने रकबे में फसल प्रभावित हुई है, इसका आधिकारिक आंकड़ा फिलहाल सामने नहीं आया है। वास्तविक क्षति का पता कृषि एवं राजस्व विभाग के सर्वेक्षण के बाद ही चल सकेगा। प्रभावित किसान खेतों की तस्वीरें और आवश्यक विवरण सुरक्षित रखें तथा कृषि विशेषज्ञों से सलाह लें। अब किसानों को मौसम साफ होने, समयबद्ध सर्वेक्षण और पात्रतानुसार सहायता मिलने की उम्मीद है।

दीपावली महोत्सव 2026 : 6 नवंबर को धनतेरस, 8 नवंबर को महालक्ष्मी पूजन, जानिए शुभ मुहूर्त और चौघड़िया

धनतेरस पर शाम 6:17 से 8:16 बजे तक शुभ पूजन मुहूर्त, दीपावली पर शाम 6:10 से 8:08 बजे तक महालक्ष्मी पूजन का श्रेष्ठ समय

दैनिक रणजीत टाइम्स |

विशेष धार्मिक समाचार

इंदौर।सनातन धर्म का सबसे बड़ा प्रकाश पर्व दीपावली इस वर्ष नवंबर माह में श्रद्धा, उल्लास और धार्मिक परंपराओं के साथ मनाया जाएगा। पांच दिवसीय दीपोत्सव का शुभारंभ 6 नवंबर 2026, शुक्रवार को धनतेरस से होगा, जबकि 8 नवंबर, रविवार को महालक्ष्मी और भगवान श्रीगणेश का विशेष पूजन किया जाएगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार धनतेरस पर भगवान धन्वंतरि, माता लक्ष्मी और कुबेर देव की आराधना की जाती है। वहीं दीपावली पर घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना के साथ लक्ष्मी पूजन किया जाता है।

दीपावली महोत्सव 2026 : प्रमुख तिथियां

दिनांक| वार| पर्व

5 नवंबर| गुरुवार| रमा एकादशी, गोवत्स द्वादशी

6 नवंबर| शुक्रवार| धनतेरस, धन्वंतरि पूजन

7 नवंबर| शनिवार| काली चौदस

8 नवंबर| रविवार| नरक चतुर्दशी, दीपावली एवं लक्ष्मी पूजन

9 नवंबर| सोमवार| गोवर्धन पूजा, अन्नकूट

10 नवंबर| मंगलवार| द्यूत क्रीड़ा, प्रतिपदा से जुड़ी परंपराएं

11 नवंबर| बुधवार| भाई दूज, यम द्वितीया

धनतेरस 6 नवंबर : पूजा का शुभ मुहूर्त

- धनतेरस पूजा मुहूर्तः शाम 6:17 से 8:16 बजे तक।
- प्रदोष कालः शाम 5:46 से 8:20 बजे तक।



- वृषभ कालः शाम 6:17 से 8:16 बजे तक।
- त्रयोदशी प्रारंभः 6 नवंबर, सुबह 10:30 बजे।
- त्रयोदशी समाप्तः 7 नवंबर, सुबह 10:47 बजे।

धनतेरस पर सोना, चांदी, बर्तन एवं अन्य उपयोगी वस्तुओं की खरीदारी शुभ मानी जाती है। इस अवसर पर आरोग्य और समृद्धि की कामना से भगवान धन्वंतरि की आराधना की विशेष परंपरा है।

दीपावली 8 नवंबर : महालक्ष्मी पूजन का शुभ मुहूर्त

इंदौर के स्थानीय पंचांग के अनुसारः

- लक्ष्मी-गणेश पूजनः शाम 6:10 से 8:08 बजे तक।
- प्रदोष कालः शाम 5:45 से 8:19 बजे तक
- स्थिर वृषभ लग्नः शाम 6:10 से 8:08 बजे तक।
- अमावस्या प्रारंभः 8 नवंबर, सुबह 11:27 बजे।
- अमावस्या समाप्तः 9 नवंबर, दोपहर 12:31 बजे।
- महानिशीथ कालः रात्रि 11:45 से 12:36 बजे तक।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार प्रदोष काल में स्थिर वृषभ लग्न के दौरान महालक्ष्मी पूजन विशेष शुभ माना जाता है। व्यापारी वर्ग द्वारा इस अवसर पर बहीखाता, तिजोरी और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में भी पूजन किया जाता है।

दीपावली 8 नवंबर : दिन का चौघड़िया

समय| चौघड़िया| फल

सुबह 6:35–7:58| उद्वेग| अशुभ

सुबह 7:58–9:22| चर| सामान्य शुभ

सुबह 9:22–10:46| लाभ| शुभ

सुबह 10:46–दोपहर 12:10| अमृत| अत

दोपहर 12:10–1:33| काल| अशुभ

दोपहर 1:33–2:57| शुभ| शुभ

दोपहर 2:57–4:21| रोग| अशुभ

शाम 4:21–5:45| उद्वेग| अशुभ

दीपावली 8 नवंबर : रात्रि का चौघड़िया

समय| चौघड़िया| फल

शाम 5:45–7:21| शुभ| शुभ

शाम 7:21–8:57| अमृत| अति शुभ

रात 8:57–10:34| चर| सामान्य शुभ

रात 10:34–12:10| रोग| अशुभ

रात 12:10–1:46| काल| अशुभ

रात 1:46–3:23| लाभ| शुभ

सुबह 3:23–4:59| उद्वेग| अशुभ

सुबह 4:59–6:35| शुभ| शुभ

रात्रि 12 बजे के बाद का समय 9 नवंबर का माना जाएगा।

गोवर्धन पूजा और भाई दूज

9 नवंबर, सोमवार — गोवर्धन पूजाः इंदौर के स्थानीय पंचांग के अनुसार गोवर्धन पूजा का सायंकालीन मुहूर्त दोपहर 3:31 से शाम 5:45 बजे तक रहेगा। इस दिन भगवान श्रीकृष्ण की आराधना और अन्नकूट का विशेष महत्व है।

11 नवंबर, बुधवार — भाई दूजः भाई-बहन के स्नेह और विश्वास का पावन पर्व भाई दूज मनाया जाएगा। इस दिन बहनें अपने भाइयों के सुख, समृद्धि और दीर्घायु की कामना करती हैं।

दीपावली पर पूजा करते समय रखें इन बातों का ध्यान दीपावली के दिन घर और पूजा स्थल की साफ-सफाई कर माता लक्ष्मी एवं भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा स्थापित करें। दीपक प्रज्वलित कर पुष्प, अक्षत, नैवेद्य एवं मिठाई अर्पित करें। श्रद्धापूर्वक लक्ष्मी-गणेश पूजन और आरती करें। व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों में बहीखाता एवं तिजोरी पूजन कर सकते हैं। दीप जलाते समय अग्नि सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें।

प्रकाश पर्व का सामाजिक संदेश

दीपावली केवल धन-संपत्ति और खरीदारी का पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, पारिवारिक प्रेम और मानवता का महोत्सव है। इस दीपावली प्रत्येक परिवार को चाहिए कि वह जरूरतमंदों की सहायता करे, स्थानीय व्यापारियों से खरीदारी करे, मिट्टी के दीपक जलाए और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प ले। दीपावली का वास्तविक प्रकाश वही है, जो किसी जरूरतमंद के जीवन से अंधकार दूर कर सके। दैनिक रणजीत टाइम्स एवं राजनीति 24 न्यूज़ परिवार की ओर से सभी पाठकों को धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाई दूज की हार्दिक शुभकामनाएं।

गोपाल गावंडे
प्रधान संपादक, दैनिक रणजीत टाइम्स
राजनीति 24 न्यूज़, इंदौर

करवा चौथ पर इंदौर ट्रैफिक पुलिस की अनोखी पहल,
पत्नियों ने मांगा हेलमेट पहनने का वचन







"जनम-जनम का साथ निभाना है, हेलमेट पहनकर घर सुरक्षित आना है।"

दैनिक रणजीत टाइम्स

इंदौर करवा चौथ के पावन अवसर पर इंदौर ट्रैफिक पुलिस ने पलासिया चौराहे पर सड़क सुरक्षा को लेकर अनोखा जागरूकता अभियान चलाया। महिला आरक्षक सोनाली सोनी ने संगीत, तख्तियों और चॉकलेट वितरण के माध्यम से वाहन चालकों को हेलमेट पहनने का संदेश दिया। हेलमेट पहनने वाले जागरूक नागरिकों का सम्मान भी किया गया। करीब चार घंटे चले अभियान में महिलाओं ने संकल्प लिया कि वे करवा चौथ पर पतियों से उपहार के बजाय हमेशा हेलमेट पहनकर सुरक्षित घर लौटने का वचन लेंगी। पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में आयोजित इस पहल को नागरिकों ने खूब सराहा। "करवा चौथ का सबसे अनमोल उपहार, पति का सुरक्षित घर लौटना है।"

मनोज परमार बने फ्लाइंग किक स्पोर्ट्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश के प्रदेश समन्वयक

खुशबू श्रीवास्तव

इंदौर। अखिल भारतीय श्री बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं समाजसेवी मनोज परमार को फ्लाइंग किक स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ मध्यप्रदेश द्वारा प्रदेश समन्वयक (स्टेट कोऑर्डिनेटर) के महत्वपूर्ण पद पर मनोनीत किया गया है। उनकी इस नियुक्ति पर सामाजिक एवं खेल जगत से जुड़े लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मनोज परमार के इस मनोनयन को



उनके सामाजिक योगदान, संगठनात्मक क्षमता, कुशल नेतृत्व और युवाओं के प्रति समर्पण का सम्मान माना जा रहा है। उम्मीद जताई जा रही है कि उनके मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश में फ्लाइंग किक खेल को नई पहचान मिलेगी। प्रदेश समन्वयक के रूप में वे खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने, प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने और युवाओं को खेलों से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

उनकी नियुक्ति से प्रदेश में खेल संगठन को भी मजबूती मिलने की उम्मीद है। इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई है।

तस्करी रोकने गए टीआई को ट्रक ने रौंदा

देवास। अवैध शराब के कारोबार पर कार्रवाई जानलेवा साबित हुई। खातेगांव थाना प्रभारी दिलीप पुरी की संदिग्ध शराब से भरे वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना सोमवार तड़के नेमावर रोड, इंदौर-बैतूल मार्ग पर हुई।

जानकारी के अनुसार

हरदा की ओर से गुजरात जा रहे संदिग्ध वाहन को पकड़ने पुलिस टीमें जुटी थीं। इसी दौरान पुरी ने चालक को रोकने और नीचे उतरने को कहा।



आरोप है कि चालक वाहन लेकर भागने लगा। इसी दौरान थाना प्रभारी नीचे गिर गए और वाहन का पिछला पहिया उनके ऊपर से गुजर गया।

गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाने के बाद उन्हें बचाया नहीं जा सका। घटना ने पुलिसकर्मियों की सुरक्षा और अवैध शराब परिवहन पर निगरानी को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब जांच की कसौटी पर सिर्फ चालक नहीं, बल्कि शराब की खेप और उसके पूरे नेटवर्क का खुलासा भी है।

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार
इंदौर प्रति मंगलवार, 3 नवम्बर 2026 से 9 नवम्बर 2026 तक

मां करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह गौतम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

दो राष्ट्रीय अध्यक्षों के जन्मदिन का अनूठा संयोग, आत्मीयता, सम्मान और संगठनात्मक एकता की दिखी मिसाल

रणजीत टाइम्स एवं राजनीति 24 न्यूज़ परिवार ने दी शुभकामनाएं, पत्रकारों, समाजसेवियों और संगठन पदाधिकारियों की रही गरिमामयी उपस्थिति

राजेश धाकड़

इंदौर। मां करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सनातन समाज की एकजुटता के लिए सक्रिय धर्मेंद्र सिंह गौतम का जन्मोत्सव इंदौर में उत्साह, हर्षोल्लास और आत्मीय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, वरिष्ठ पत्रकारों, समाजसेवियों एवं गणमान्य नागरिकों ने उन्हें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं यशस्वी जीवन की मंगलकामना की। समारोह में दैनिक रणजीत टाइम्स एवं राजनीति 24 न्यूज़ परिवार की विशेष सहभागिता रही। उपस्थित लोगों ने धर्मेंद्र सिंह गौतम के नेतृत्व में संगठन के विस्तार, सामाजिक एकता एवं सनातन संस्कृति के संरक्षण के प्रयासों की सराहना की।

दो राष्ट्रीय अध्यक्षों के जन्मदिन का संयोग बना समारोह का विशेष आकर्षण इस आयोजन का सबसे यादगार पहलू दो राष्ट्रीय अध्यक्षों के





जन्मदिन का विशेष संयोग रहा। एक ओर मां करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह गौतम का जन्मोत्सव मनाया जा रहा था, वहीं दूसरी ओर दैनिक रणजीत टाइम्स के प्रधान संपादक, राजनीति 24 न्यूज़ चैनल के प्रमुख एवं मां करणी सेना सनातन प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल गावंडे का भी जन्मदिन था। इस अवसर पर धर्मेंद्र सिंह गौतम ने गोपाल गावंडे को आत्मीयता के साथ जन्मदिन की बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं गोपाल गावंडे ने भी धर्मेंद्र सिंह गौतम को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, दीर्घायु एवं सफल जीवन की मंगलकामना की। दोनों राष्ट्रीय अध्यक्षों के बीच शुभकामनाओं के इस आत्मीय आदान-प्रदान ने समारोह को विशेष बना दिया। यह अवसर आपसी सम्मान, विश्वास, भाईचारे और संगठनात्मक एकजुटता की सुंदर मिसाल बनकर सामने आया।

सनातन संस्कृति, सामाजिक समरसता और संगठन की मजबूती पर विशेष जोर

जन्मोत्सव के अवसर पर संगठन से जुड़े लोगों ने सामाजिक एकता, सनातन संस्कृति के संरक्षण, युवाओं की सकारात्मक भागीदारी तथा समाजहित के कार्यों को आगे बढ़ाने की भावना व्यक्त की। समारोह में यह संदेश प्रमुखता से उभरकर सामने आया कि किसी भी संगठन की वास्तविक शक्ति उसके कार्यकर्ताओं की एकजुटता, आपसी विश्वास और समाज के प्रति समर्पण में निहित होती है। उपस्थित शुभचिंतकों ने कामना की कि मां करणी सेना आने वाले समय में संगठनात्मक विस्तार के साथ समाजसेवा, सांस्कृतिक जागरूकता और जनहित के कार्यों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाती रहे। रणजीत टाइम्स एवं राजनीति 24 न्यूज़ परिवार की रही गरिमामयी उपस्थिति इस अवसर पर दैनिक रणजीत टाइम्स के प्रधान संपादक एवं मां करणी सेना सनातन प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल गावंडे, कार्यकारी संपादक रेणु केथवास, इंदौर संभाग ब्यूरो प्रमुख एवं वरिष्ठ पत्रकार राजेश धाकड़, एडवोकेट विकास भारद्वाज, श्री देशमुख तथा मां करणी सेना सनातन प्रकोष्ठ के इंदौर महामंत्री दौलत सिंह पड़ोलिया सहित अनेक पदाधिकारी, पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने धर्मेंद्र सिंह गौतम को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके नेतृत्व में संगठन की निरंतर प्रगति और समाजहित के संकल्पों की सफलता की कामना की।

जन्मदिन समारोह ने दिया भाईचारे और एकजुटता का संदेश

जन्मोत्सव का यह आयोजन केवल जन्मदिन की शुभकामनाओं तक सीमित नहीं रहा, बल्कि संगठनात्मक आत्मीयता, पारस्परिक सम्मान और सामाजिक एकजुटता का प्रेरणादायी अवसर भी बना। दो राष्ट्रीय अध्यक्षों के जन्मदिन का यह विशेष संयोग उपस्थित लोगों के लिए यादगार रहा। दैनिक रणजीत टाइम्स एवं राजनीति 24 न्यूज़ परिवार ने धर्मेंद्र सिंह गौतम और गोपाल गावंडे को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए दोनों के स्वस्थ, सुखी, दीर्घायु एवं यशस्वी जीवन की मंगलकामना की।









स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिंटर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन 22 सेक्टर एफ सांवेर रोड, इण्डस्ट्रीयल एरिया इंदौर म.प्र. एवं जी -1 कॉस्मिक रीजेंसी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर म.प्र. से प्रकाशित संपादक गोपाल गावंडे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादो का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा)